RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 95 • 17:04:2024 • बुधवार • मूल्य : 5/-

नौंवा दिवस



### नौंवा स्वरूप सिद्धिदात्री

मां सिद्धिदात्री आपको जीवन में अद्भुत सिद्धि, क्षमता प्रदान करती हैं ताकि आप सब कुछ पूर्णता के साथ कर सकें। सिद्धि का क्या अर्थ है। सिद्धि, सम्पूर्णता का अर्थ है विचार आने से पूर्व ही काम का हो जाना। आपके विचारमात्र, से ही, बिना किसी कार्य किये आपकी इच्छा का पूर्ण हो जाना यही सिद्धि है।

## बैलेट पेपर से वोटिंग में क्या होता था, हम जानते हैं

- ईवीएम से वोटिंग के खिलाफ बहस पर बोला सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से मतदान के दौरान हर वोटर को वेरिफिकेशन के लिए वीवीपैट स्लिप दिए जाने की मांग वाली अर्जी पर मंगलवार को सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने कहा कि जब सीक्रेट बैलेट से वोटिंग होती थी, तब भी समस्याएं हुआ करती थीं। बेंच में



शामिल जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा, हम अपनी जिंदगी के छठे दशक में हैं। हम सभी जानते हैं कि जब बैलेट पेपर्स से मतदान होता था तो क्या स्थिति थी। आप भूल गए होंगे, पर हमें सब कुछ याद है। जस्टिस संजीव खन्ना ने एडीआर की ओर से अर्जी दाखिल करने वाले प्रशांत भूषण की ओर मुखातिब होते यह बात कही। इस दौरान प्रशांत भूषण ने जर्मनी समेत कई यूरोपीय देशों का जिक्र किया।

## सलमान के घर की 3 बार की रेकी, 5 राउंड फायरिंग


- पुलिस ने घटना के बारे में सब कुछ बताया, आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई (एजेंसी)।** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के मुंबई स्थित आवास के बाहर गोलीबारी करने के मामले में 2 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कच्छ-पश्चिम के उप महानिरीक्षक महेंद्र बागड़िया ने बताया कि ये दोनों बिहार के पश्चिम चंपारण के रहने वाले हैं। इनकी पहचान 24 वर्षीय विक्की गुप्ता और 21 वर्षीय सागर पाल के तौर पर हुई। इन्हें सोमवार देर रात गुजरात के कच्छ जिले के माता नो माध गांव से अरेस्ट किया गया। पुलिस ऑफीसर ने बताया कि इन्होंने तीन बार सलमान खान के घर की रेकी की और फिर घटना वाले दिन 5 गोलियां चलाईं। कच्छ-पश्चिम पुलिस के मुताबिक, मुंबई पुलिस से यह संदेश मिलने के बाद कि दोनों कच्छ जिले में मौजूद हो सकते हैं, स्थानीय पुलिस ने उनका पता लगाने के लिए अभियान चलाया। बागड़िया ने कहा, तकनीकी निगरानी और मुखबिरों से मिली जानकारी के आधार पर ऐक्शन लिया गया। कच्छ-पश्चिम और मुंबई पुलिस की संयुक्त टीमों ने सोमवार देर रात माता नो माध में मंदिर परिसर से दोनों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया कि पाल और गुप्ता दोनों को जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह ने सलमान के घर पर गोलीबारी करने के लिए कहा था।

# अयोध्या में आज रहेगी रामनवमी की 'धूम'

**● दोपहर में 12 बजे होगा रामलला का सूर्य तिलक ● स्वर्ण जड़ित पीली-गुलाबी पोशाक पहनेंगे रामलला**

**अयोध्या (एजेंसी)।** कल बुधवार को रामनवमी है। अयोध्या में इस मौके पर दोपहर 12 बजे रामलला का सूर्य तिलक होगा। इस दौरान अभिजीत मुहूर्त रहेगा। वाल्मीकि रामायण के मुताबिक त्रेतायुग में इसी समय श्रीराम का जन्म हुआ था। श्रीराम जन्म पर पूजा और व्रत करने की परंपरा है। पूजा के लिए करीब ढाई घंटे का एक ही मुहूर्त है, जो सुबह 11.05 बजे से दोपहर 1.35 बजे तक रहेगा। 1992 से रामलला के मुख्य पुजारी रहे सत्येंद्र दास और मौजूदा पुजारी पं. संतोष तिवारी से आसान पूजा विधि लिखवाई। इस विधि के मुताबिक आप घर में ही श्रीराम की पूजा कर सकते हैं। दोपहर 12 बजे जब रामलला का सूर्य तिलक होगा, उस समय केदार, गजकेसरी, पारिजात, अमला, शुभ, वाशि, सरल, काहल और रवियोग बनेंगे। इन 9 शुभ योग में रामलला का सूर्य तिलक होगा। वाल्मीकि रामायण में लिखा है कि राम जन्म के समय सूर्य और शुक्र अपनी उच्च राशि में थे। चंद्रमा खुद की राशि में मौजूद थे। इस साल भी ऐसा ही हो रहा है। वाराणसी के प्रो. रामनारायण द्विवेदी और पुरी के डॉ. गणेश मिश्र के मुताबिक सितारों का ये संयोग देश के लिए शुभ संकेत है। अयोध्या में 17 अप्रैल को दोपहर 12 बजे जहां सूर्य तिलक से भगवान रामलला का जन्मोत्सव शुरू होगा। इस दिन रामलला स्वर्ण आभूषण और रत्न जड़ित पोशाक में अद्भुत दर्शन देंगे। उनकी रत्न जड़ित पोशाक दो रंगों में बनी है- पीली और गुलाबी। वस्त्रों पर स्वर्ण धागों से सिलाई-कढ़ाई की गई है। रामलला को मुकुट, कुंडल, हार, तिलक, बाजूबंद, हाथों के कड़े पहनाए जाएंगे। यानी रामलला के सिर से लेकर पैर के अंगूठे तक सोने और हीरे-पन्ने के आभूषण होंगे। सोने के तार वाला धनुष-बाण भी होगा। उनके मस्तक पर चंदन का लेप होगा, उनमें माणिक्य को पीसकर मिलाया जाएगा, ताकि रोशनी में प्रभु का मस्तक दमकता रहे। रामनवमी पर 20 घंटे तक रामलला के दर्शन होंगे। ब्रह्म मुहूर्त में मंगला आरती के बाद यानी सुबह 3.30 बजे से रात 11 बजे तक दर्शन होंगे। दर्शन के बीच में ही रामलला का अभिषेक और श्रृंगार होगा। रामनवमी के दिन मंदिर 5 घंटे ज्यादा खुला रहेगा, लेकिन पूजा के लिए दर्शन के बीच में 2 से 5 मिनट के लिए भगवान का परदा गिरता रहेगा। मंदिर के पुजारी संतोष तिवारी बताते हैं कि रामलला का जन्म उत्सव 17 अप्रैल को दोपहर ठीक 12 बजे होगा।





## यूपीएससी का रिजल्ट जारी आदित्य श्रीवास्तव बने टॉपर

- 1016 कैंडीडेट सिलेक्ट; टॉप 5 रैंक में आने वाले 3 कैंडीडेट्स पहले से ही आईपीएस अफसर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2023 में उत्तर प्रदेश के आदित्य श्रीवास्तव ने देश भर में टॉप किया है। यह उनका तीसरा प्रयास था। लखनऊ के रहने वाले यूपीएससी टॉपर आदित्य श्रीवास्तव वर्तमान में हैदराबाद में अंडर ट्रेनिंग हैं। यह उनका तीसरा प्रयास था। पहले अटेमप्ट में वे प्रीलिम्स तक नहीं पास कर पाए थे। इसके बाद यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2022 की परीक्षा में उनकी 136वीं रैंक आई थी। उन्हें आईपीएस सर्विसेज मिली थी। आईएएस बनने के लिए उन्होंने पढ़ाई जारी रखी और एक और अटेम्ट दिया। इस बार अपनी कड़ी मेहनत, लगन के दम पर उन्होंने आईएएस के लिए क्वालिफाई किया है। आदित्य के पिता अजय श्रीवास्तव सेंट्रल ऑडिट डिपार्टमेंट में एएओ के पद पर कार्यरत हैं जबकि एक छोटी बहन नई दिल्ली में सिविल परीक्षा की तैयारी कर रही हैं। आदित्य की मां आभा श्रीवास्तव गृहिणी हैं। आदित्य का बचपन लखनऊ के मवैया इलाके में बीता और शुरुआती पढ़ाई सीएमएस अलीगंज में हुई।





# टीएमसी ने बंगाल को घुसपैठियों और गुंडों को पट्टे पर दे दिया है

**बालुरघाट रैली में बोले पीएम मोदी, ममता सरकार पर जमकर किए वार**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के बालुरघाट में पीएम मोदी ने ममता बनर्जी और टीएमसी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ अपराध से पूरा देश डरा हुआ है, क्योंकि टीएमसी ने पश्चिम बंगाल को घुसपैठियों और गुंडों को पट्टे पर दे दिया है। मोदी ने कहा- टीएमसी को लगता है कि दलित, आदिवासी और गरीबों अपनी मर्जी के मुताबिक घूमने की आजादी नहीं हैं लेकिन यह चुनाव उन्हें बताएगा कि बाबा साहेब अंबेडकर के लोकतंत्र में दलित, वंचित लोग और आदिवासी टीएमसी के गुलाम नहीं हैं। टीएमसी, जिसने आदिवासी महिलाओं को घुटनों पर ला दिया है, जल्द ही घुटनों पर आ जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि टीएमसी ने बंगाल में रामनवमी समारोह का फिर विरोध किया था, लेकिन सच्चाई की जीत हुई। कलकत्ता हाईकोर्ट ने हावड़ा में जुलूस निकालने की परमीशन दे दी है। मोदी ने कहा, टीएमसी को अब लग रहा है कि मोदी ने अब योजनाओं को हर गरीब के दरवाजे तक पहुंचाने की गारंटी दे दी है। मोदी की गारंटी से राज्य को लाभ मिलेगा, तो राज्य की जनता का विकास होगा और टीएमसी की दुकान बंद हो जाएगी, इसलिए झूठी खबरें फैला रहे हैं लेकिन बंगाल की जनता मेरी गारंटी से वाकिफ है। इससे पहले पीएम मोदी बिहार में आज 3 घंटे रहे। उन्होंने गया और पूर्णिया में जनसभा की। पीएम ने संविधान, भ्रष्टाचार, राम मंदिर और आतंकवाद पर इंडी गठबंधन को घेरा। उन्होंने पूर्णिया में कहा कि घमंडिया गठबंधन के लोग सनातन को मिटाने में लगे हैं। जिसको किसी ने नहीं पूछा हम उनको पूज रहे हैं। हम भ्रष्टाचार को मिटाने में लगे हैं और वे बचाने में लगे हैं।



## चुनावी बॉन्ड के बहाने राहुल का पीएम पर बड़ा हमला

**कहा-कल मैंने इंटरव्यू में मोदी का चेहरा देखा, वो पूरी तरह डरा हुआ था**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव को लेकर रैलियों का दौर जारी है। इस क्रम में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और पार्टी सांसद राहुल गांधी अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड पहुंचे और यहां से उन्होंने बीजेपी और पीएम मोदी पर जमकर हमला बोला। आरएसएस और भारतीय जनता पार्टी संविधान को नष्ट करने और संविधान को बदलने की कोशिश कर रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी भारत के केवल 5-6 लोगों पर ध्यान दे रहे हैं। ये सभी देश के अमीर कारोबारी हैं। पीएम मोदी का लक्ष्य असली मुद्दों से ध्यान भटकाने का है। इसलिए कभी-कभी आप उन्हें समुद्र के नीचे पूजा करते देखेंगे तो वे कहने लगते हैं कि वह भारत में ओलंपिक लाएंगे। दूसरी बार वह कहेंगे कि हम एक आदमी को चांद पर भेज रहे हैं। वह कभी भी महंगाई और बेरोजगारी की बात नहीं करते हैं। वायनाड से सांसद राहुल गांधी ने आगे कहा कि वह देश के सबसे अमीर लोगों की रक्षा करते हैं और उनके कर्ज को माफ कर देते हैं। उन्होंने सोमवार को पीएम मोदी के एएनआई को दिए गए इंटरव्यू को भी टारगेट किया है। उन्होंने वायनाड में कहा कि मुझे नहीं पता कि आपने उनका इंटरव्यू देखा या नहीं। मुझे नहीं पता कि आपने उनका चेहरा, उनकी आंखें देखी हैं या नहीं, वह देश में सबसे बड़े घोटाले यानी कि इलेक्टोरल बॉन्ड का बचाव करने की कोशिश कर रहे थे। इसी के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी को देश के व्यापारियों से हजारों करोड़ों रुपये मिले थे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी दोबारा से वायनाड लोकसभा सीट जीतने की उम्मीद कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव की तारीख के ऐलान होने के बाद 15 अप्रैल को वह दूसरी बार अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे हैं।

## भारतीय सेना हो रही ताकतवर, अब अमेरिका ने भी कबूला

- कहा- चीन को पछाड़ने की तैयारी, रूस पर से निर्भरता भी हो रही कम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारत विश्व में लगातार अपनी धमक बना रहा है। इस बात को अब अमेरिका ने भी कबूल लिया है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के शीर्ष खुफिया अधिकारी ने संसद को बताया कि भारतीय सेना लगातार अपनी ताकत बढ़ा रही है। चीन को पछाड़ने और रूसी उपकरणों पर निर्भरता कम करने के लिए भारत अपनी सेना को लगातार आधुनिक बना रहा है। अमेरिका में रक्षा खुफिया एजेंसी के निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल जेफरी क्रूस चीन का मुकाबला करने को लेकर संसद में चल रही बैठक के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने सदन में सशस्त्र सेवा समिति और खुफिया उपसमिति के सदस्यों को बताया कि पिछले वर्ष भारत ने जी-20 के आर्थिक शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर खुद को एक वैश्विक अगुआ के रूप में प्रदर्शित किया है और पूरे हिंद प्रशांत क्षेत्र में पीआरसी (पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना) की गतिविधि का मुकाबला करने के लिए खुद को सक्षम साबित किया है।

# राहुल गांधी ही होंगे अमेठी लोकसभा सीट से उम्मीदवार!

**26 अप्रैल को वायनाड में वोटिंग होने के बाद कर सकते हैं नामांकन**

**लखनऊ (एजेंसी)।** सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर कांग्रेस पार्टी पूरी दम खम से जुटी हुई है। पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को वोटिंग होनी है। कांग्रेस यूपी की 17 लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ रही है। अब तक वाराणसी, सीतापुर, इलाहाबाद समेत कई सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा हो चुकी है। अभी तक कांग्रेस का गढ़ मानी जाने वाली अमेठी और रायबरेली सीट पर उम्मीदवार की घोषणा नहीं कर पाई है। इन दोनों ही सीट पर उम्मीदवार कौन होगा, इसको लेकर सबकी निगाहें टिकी हुई है। वहीं कांग्रेस के सूत्रों की माने तो 27 अप्रैल को कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमेठी से नामांकन कर सकते हैं। इस सीट पर 26 अप्रैल से 3 मई तक नामांकन होना है। दरअसल कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी केरल की वायनाड सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। वायनाड समेत केरल की सभी 20 सीटों पर दूसरे चरण यानी 26 अप्रैल को वोटिंग होनी है। कांग्रेस कैंडीडेट राहुल गांधी इस से इंडिया गठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार होंगे। 2019 लोकसभा चुनाव में भी राहुल गांधी ने अमेठी के साथ साथ केरल की वायनाड सीट से चुनाव लड़ा था।




## बेतिया लोकसभा क्षेत्र से समता पार्टी के होंगे उम्मीदवार अमीर अंसारी




**चाणक्यभूमि बेतिया।**

लोकसभा चुनाव की शुरुआत हो चुकी है और ऐसे में अनेक उम्मीदवार अपने भाग्य को आजमाने के लिये चुनावी समर में उतरते हुये दिखाई दे रहे है इसी क्रम में समता पार्टी के उम्मीदवार के रूप मे बेतिया लोकसभा क्षेत्र से अमीर अंसारी चुनावी समर में उतरने को तैयार है। अमीर अंसारी ने कहा कि प्रधानमंत्री परिवारवाद का विरोध करते है परंतु बेतिया लोकसभा लंबे समय से एक ही परिवार की जागीर बन गई है। जनता जागरूक हो गई है और बदलाव चाहती है इसके लिए समता पार्टी एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

# यूपी से बंगाल तक 'लू' की मार, पारा पहुंचा '40' पार

**गर्म हवाओं और उमस की वजह से लोगों का हाल बेहाल**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अप्रैल का आधा महीना बीत चुका है और गर्मी धीरे-धीरे अपना विकराल रूप दिखा रही है। उत्तर भारत के मैदानी राज्यों में दिन में धूप खिली रहने की वजह से मौसम में गर्मी बढ़ने के आसार हैं। भारतीय मौसम विज्ञान (आईएमडी) के मुताबिक, सोमवार को बिहार के नौ जिलों में पारा 40 के पार पहुंच गया है। वहीं तटीय राज्यों जैसे कि पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र और गुजरात में गर्म हवाओं के साथ उमस लोगों का बुरा हाल करने वाली है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मंगलवार सुबह न्यूनतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से दो डिग्री अधिक है। दिल्ली में सुबह 8.30 बजे आर्द्रता का स्तर 59 प्रतिशत दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिन के दौरान आंशिक रूप से बादल छाए रहने और हवाएं चलने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग के मुताबिक, राजधानी दिल्ली में आज अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। बिहार के कुछ हिस्सों में भीषण गर्मी और लू की स्थिति के कारण सोमवार को राज्य के कम से कम नौ जिलों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस या इससे ऊपर पहुंच गया। बिहार के मुख्य सचिव ने अत्यधिक गर्मी एवं लू की स्थिति की समीक्षा के लिए आपातकालीन प्रबंधन समूह की बैठक आहूत की जिसमें जल संसाधन विभाग, ऊर्जा विभाग, कृषि विभाग, लघु जल संसाधन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग आदि के सचिव/प्रधान सचिव/अपर मुख्य सचिव एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार कई स्थानों पर अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस और उससे ऊपर था जिसमें मधुबनी 39.9 डिग्री सेल्सियस, जमुई 39.7 डिग्री सेल्सियस, जीरादेई (सीवान) और वाल्मीकि नगर 39.4 डिग्री सेल्सियस, पटना 39.3 डिग्री सेल्सियस और भागलपुर 39 डिग्री सेल्सियस शामिल हैं। आईएमडी अधिकारियों ने कहा कि अगले दो-तीन दिनों में राज्य के कई हिस्सों में लू की स्थिति जारी रहेगी। आईएमडी के मुताबिक, पश्चिम बंगाल को भीषण गर्मी के तौर पर हाई अलर्ट पर रखा गया है।



## अब ऐसे हथियार चलेंगे, जो अब तक नहीं चले

### इजरायल की युद्ध की तैयारी पर ईरान की धमकी

**तेहरान (एजेंसी)।** इजरायल और ईरान के बीच हमलों का एक राउंड खत्म हो गया है। इजरायल पर आरोप है कि उसने सीरिया में ईरानी कौंसुलेट पर हमला किया था, जिसमें ईरान के टॉप जनरल समेत 12 लोग मारे गए थे। इसके बाद ईरान ने बीते सप्ताह भीषण हमला इजरायल पर किया था। उसने करीब 300 मिसाइलों और ड्रोन्स से हमला किया था, जिसमें पहली बार इजरायल के सैन्य ठिकाने भी निशाने पर आए। अब कयास लग रहे हैं कि इजरायल की ओर से कभी भी ईरान पर अटैक हो सकता है। इस बदले की कार्रवाई के चर्चे हैं और इस बीच ईरान ने धमकी दी है कि यदि ऐसी हिमाकत की तो फिर जवाब में ऐसे हथियार इस्तेमाल होंगे, जो अब तक नहीं किए गए।

## संक्षिप्त समाचार

### खेत में भैंस जाने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट



**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर में खेत में भैंस जाने का विरोध किया तो युवक को लाठी से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामला सुलतानगंज थाना क्षेत्र के कटहरा पंचायत का है। जहां पर किसान पंकज मंडल ने अपने खेत में भैंस चराने से मना किया तो आरोपियों ने कहासुनी करने लगे। फिर मारपीट में मामला तब्दील हो गया। सोमवार की देर रात आरोपी के घर समझाने गए किसान पंकज को गुलशन कुमार, मंटू यादव, सामान यादव, रोहित यादव बाजू यादव, महतो यादव, उदय यादव मुरारी यादव और उनके सहयोगियों ने मिलकर लाठी डंडे से पीट कर किसान पंकज मंडल को घायल कर दिया। जख्मी अवस्था में पंकज किसी तरह परिजनों के सहयोग से सुल्तानगंज रेफरल अस्पताल पहुंचा। जहां पर उनका इलाज जारी है। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घायल पंकज मंडल के सिर पर गंभीर चोट लगी है। मामले को लेकर पीड़ित पंकज मंडल ने बताया कि गेहूं का फसल खेत में लगा हुआ है। जिसमें गुलशन कुमार का भैंस चला गया। जिसका विरोध किए तो पहले कहासुनी किया फिर देर रात जब गुलशन के घर पर समझाने गए तो गुलशन अपने सहयोगियों के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया और धमकी देने लगा कि जो करना है कर लो। अपना सहयोगियों के साथ गुलशन ने लाठी डांटे से जमकर पिटाई कर दी किसी तरह अस्पताल इलाज के लिए परिजनों के सहयोग से पहुंचे जहां पर इलाज जारी है। मामले को लेकर पीड़ित ने सुलतानगंज पुलिस को लिखित आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने मामले की जांच करते हुए आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### तीन शादियां कर फंसा स्कूल संचालक, दो महिलाओं ने किया केस

**मुजफ्फरपुर/गोरौल, एजेंसी।** गोरौल थाना पर सोमवार को कुछ देर के लिए अजीबोगरीब स्थिति तब उत्पन्न हो गई, जब पुलिस एक शादीशुदा निजी विद्यालय के शिक्षक को पकड़कर ले आयी। शिक्षक के पीछे दो महिलाएं भी थाने पर पहुंच गई। वे शिक्षक को अपना पति बता रहीं थीं। पटना जिले के फुलवारीशरीफ थाने के वृंदावन कॉलोनी का आकाश कुमार अपने पिता के साथ मिलकर गोरौल के रूसुलपुर कोरीगांव गांव में एक निजी विद्यालय का संचालन करता है। स्कूल में युवतियां व महिलाएं बतौर शिक्षिकाएं हैं। आकाश पहले से शादीशुदा था। इसके बाद उसने पहली पत्नी से छिपाकर बिहारशरीफ की एक युवती से शादी कर ली। उसे पास के गांव में किराए का मकान लेकर रखे हुआ था। इसके बाद उसने रूसुलपुर कोरीगांव की एक युवती, जो उसके विद्यालय में शिक्षिका है, उसके साथ भी शादी कर ली। तीनों पत्नियों को जब हकीकत का पता चला तो हंगामा शुरू कर दिया। अवर निरीक्षक प्रशांत कुमार ने आकाश के पिता भागवत प्रसाद को पकड़ कर थाने पर लाकर पूछताछ की तो पता चला कि उसने भी तीन शादियां कर रखी हैं। इस बीच एक युवती ने अपहरण का, तो दूसरी ने यौन शोषण का केस दर्ज कराया है। इधर, अवर निरीक्षक ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की छानबीन की जाएगी।

### सदर इलाके में तीन दिन में दो महिलाओं का छना चेन

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बाइकर्स गैंग ने तीन दिन के अंदर दो महिलाओं से सोने की चेन झपट लिया है। दोनों महिलाओं ने थाने में अलग-अलग एफआईआर कराई है। पुलिस इलाके में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। यादव नगर कृष्ण बिहार कॉलोनी निवासी स्वेता कुमारी ने पुलिस को बताया है कि बीते 13 अप्रैल को शाम करीब आठ बजे दुकान से लौट रही थी। मोहल्ला के गली नंबर एक में मोड़ से मीटर पश्चिम दो अज्ञात बाइक सवारों ने पीछे से झपट्टा मारकर चेन झपट लिया। बाइक चला रहा हेलमेट लगाए अपराधी भूरे रंग का चेक शर्ट पहने हुए था, जबकि पीछे बैठा अपराधी दुबला पतला था। छीने गए चेन की कीमत एक लाख रुपए है। इससे पहले नौ अप्रैल को दिन के दो बजे बाइक सवार दो अपराधियों ने नंद बिहार कॉलोनी निवासी निर्मला सिन्हा के गले से सोने की चेन झपट ली।

# बिहार के सियासी रण में ढलान पर बाहुबलियों का दबदबा



**पटना, एजेंसी।** सियासत में बाहुबलियों का अपना दबदबा रहा है। देश में आपातकाल के पहले तक जो पर्दे के पीछे से विभिन्न दलों के नेताओं को विधानसभा या संसद पहुंचाने में मददगार होते थे, वे 1977 से खुलकर खुद चुनावी मैदान में उतरने लगे। ऐसे लोग स्थानीय ही नहीं, क्षेत्रीय राजनीति में भी दखल रखने लगे। 2000 के दशक तक विभिन्न राज्यों में विधानसभाओं और संसद में इनकी उपस्थिति बढ़ती रही। हालांकि अब ऐसी छवि रखने वालों का सियासी रण में असर ढलान पर है। बिहार में बाहुबल की सियासत ढलान पर है। एक दौर था जब राज्य के चुनावी अखाड़े के ऐसे लड़ाकों की गूंज पूरे देश में सुनाई देती थी। अलग-अलग इलाकों में समानांतर हुकूमत चलाने वाले इन बाहुबलियों का अपना रुतबा था। राजनीतिक दल भी इनकी अनदेखी करने का साहस नहीं जुटा पाते थे। वजह थी इनका प्रभाव क्षेत्र। नेपथ्य से दिग्गजों की जीत सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाने वाले अनेक बाहुबलियों ने जब खुद राजनीति में कदम रखा तो एक के बाद एक सफलता की सीढ़ियां चढ़ते चले गये।

लेकिन, जिस तेजी से इनका उदय हुआ, उसी तरह ये धीरे-धीरे वैधानिक सत्ता की सख्ती में कमजोर पड़ते गए और इनका ग्राफ गिरने लगा है। इसबार जो कुछ चुनाव में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अखाड़े में हैं भी तो इनका अंदाज जुदा है। ये अपने बाहुबल पर नहीं, अपनी सियासी पहचान पर वोट मांग रहे हैं। कोई जनता को प्रणाम करने का अभियान चला रहे तो ज्यादातर लोगों की सेवा करने की कसमें खा रहे हैं।

कोई इलाके का बादशाह तो कोई रॉबिन हुड बिहार की सियासत में चमके बाहुबलियों की अपराध गाथा और उनका खौफ भी समय के साथ बड़ा होता गया। अपने-अपने इलाकों में इन्होंने अपनी बादशाहत कायम कर ली थी। किसी की रॉबिनहुड की तो किसी ने गरीबों के मसीहा के रूप में भी अपनी पहचान बनाई। स्कूलों में शिक्षक इनके डर से समय पर पहुंचे। डॉक्टरों की फीस तक इन्होंने तय की। अपने इलाके में इनका समानांतर शासन चला। हालांकि इनके निशाने पर ज्यादातर उच्च तथा धनाढ्य वर्ग रहा।

सन् 1970 के दशक में हुआ बाहुबल का प्रवेश बिहार की सियासत में बाहुबलियों का प्रवेश पिछली सदी के 70 के दशक से हुआ। हालांकि उसके बाद अगले 35 वर्षों तक हर दशक में इनका प्रभाव बढ़ता चला गया। जानकार वीर महोबिया की सियासी पारी को राजनीति में बाहुबल का प्रवेश बिंदु मानते हैं। उस समय हाथी पर चलने वाले महोबिया वैशाली में आतंक के पर्याय थे। वीरेन्द्र सिंह उर्फ वीर महोबिया ने 1980 में चुनाव लड़ा, लेकिन पांचवें स्थान पर रहे।

अगले चुनाव में उन्होंने 'वीर महोबिया क्राम-क्राम, वैशाली में धड़ाम-धड़ाम' के नारे की मुनादी कराई। कहा कि चुनाव जीते तो सदन में रहेंगे, नहीं जीते तो क्षेत्र में रहना होगा और इसका दुष्परिणाम तो लोगों को ही झेलना होगा। परिणाम यह हुआ कि 1985 में जन्दाहा से विधानसभा का चुनाव जीतकर उन्होंने तहलका मचा दिया। दसों अंगुलियों में सोने की अंगूठी पहनने वाले महोबिया ने अपनी बेटी की शादी में जहाज से फूलों की बारिश करवायी। 70 से 80 के दशक में विधानसभा में 25 से अधिक बाहुबली पहुंचे। 1980-85 के बाद तो चुनाव लड़ने का सिलसिला ही चल पड़ा। मोकामा में अनंत सिंह के बड़े भाई दिलीप सिंह ने 1990 में कांग्रेसी उम्मीदवार को हरा दिया। फिर 1995 में वे भी जीते। 2000 में बाहुबली सूरजभान के हाथों हार झेलनी पड़ी। बाद में यहां से दिलीप सिंह के भाई अनंत सिंह लगातार जीतते रहे। प्रभुनाथ सिंह 1998 में महाराजगंज से सांसद बने। फिलहाल जेल में हैं। रामा सिंह पांच बार विधायक बने और 2014 में वैशाली से सांसद बने। 90 के दशक में लोकसभा में बिहार से आधे दर्जन बाहुबलियों की उपस्थिति रही। इनका प्रभाव 2010 तक रहा। इसके बाद इनकी राजनीति का सूर्यास्त होने लगा। बाहुबली सूरजभान, रामा सिंह, अजय सिंह खामोश हैं। अनंत सिंह, सुनील पांडेय, रणवीर यादव, प्रभुनाथ सिंह, राजन तिवारी, ददन यादव जैसे बाहुबली इस बार सियासी संग्राम के पर्दे से गायब हैं। बाहुबली शहाबुद्दीन 1990 में पहली बर जीतकर विधानसभा पहुंचे। 1996 से 2009 तक सांसद रहे। आनंद मोहन ने 1996-98 में शिवहर से लोकसभा चुनाव जीता। गोपालगंज डीएम की हत्या में जेल गए तो मूल दृश्य से बाहर हो गए। उनकी पत्नी लवली आनंद ने वैशाली से 1994 में चुनाव जीता। इसके बाद लवली को लगातार हार झेलनी पड़ी और ये दंगल से बाहर हो गई। इस बार जदयू ने टिकट दिया है। पप्पू यादव और उनकी पत्नी को 2019 में हार मिली, 2014 में प्रभुनाथ सिंह को जबकि उनके पुत्र को 2019 में महाराजगंज में हार मिली। बाद में यह फेहरिस्त लंबी होती गयी। पिछले लोस चुनाव में तीन बाहुबलियों के परिजनों को जीत मिली। स्व. बृजबिहारी की पत्नी रमा देवी (भाजपा) शिवहर से, अजय सिंह की पत्नी कविता सिंह (जदयू) सीवान से, सूरजभान के भाई चंदन सिंह (लोजपा) नवादा से सांसद बने। 2014 में रमा देवी के अलावा बाहुबली पप्पू यादव (राजद) मधेपुरा से, उनकी पत्नी रंजीत रंजन (कांग्रेस) को सुपौल से जीत मिली। सूरजभान की पत्नी वीण देवी (लोजपा) मुंगेर से और रामा सिंह (लोजपा) से वैशाली से चुनाव जीते। पांच बार के सांसद पप्पू यादव पूर्णिया से निर्दलीय मैदान में हैं जबकि वैशाली से बाहुबली मुन्ना शुक्ला राजद से प्रत्याशी हैं। नवादा से बाहुबली अशोक महतो की पत्नी अनिता देवी और पूर्णिया से अवधेश मंडल की पत्नी बीमा भारती राजद की प्रत्याशी हैं। सुरेन्द्र यादव भी जहानाबाद से राजद के प्रत्याशी हैं। शिवहर से बाहुबली आनंद मोहन की पत्नी लवली आनंद को जदयू ने उतारा है।

# प्रसव के 25 दिन बाद प्रसूता की हुई मौत, हंगामा



**भागलपुर/सन्हौला, एजेंसी।** सन्हौला के प्राइवेट क्लीनिक में गर्भवती महिला को 21 मार्च को भर्ती कराया गया। जहां पर सीजेरियन ऑपरेशन के बाद महिला ने शिशु को जन्म दिया। आठ दिन क्लिनिक में रख कर उसे सही सलामत घर लाया और 25 दिन बाद उसके शव को लेकर परिजन क्लिनिक पहुंचे। मुआवजे की मांग को लेकर क्लिनिक मे परिजनों ने हंगामा मचाया। देखते ही देखते सेकड़ों लोग पहुंचकर हंगामे में मदद करने लगे। उसके बाद कुछ लोगों ने क्लिनिक संचालक एवं डॉक्टरों की मनमानी का आरोप लगाते हुए मोटी रकम में डील कर मध्यस्था कराकर मामले को रफादफा कराया, तब मामला शांत हुआ।

### क्या कहते है डॉक्टर

क्लिनिक मे उपस्थिति डॉक्टर मोहन कुमार ने बताया की भूराखाप गांव की प्रसूता कमरुण निशा 21 मार्च को क्लिनिक मे भर्ती हुई। जच्चा और बच्चा दोनों की स्थित दयनीय थी। हमने मायागंज जाने की सलाह दी लेकिन वह अपने जबाबदेही पर रोगी को रखा। ऑपरेशन से बच्चे को जन्म हुआ। क्लिनिक मे आठ दिन रखकर जच्चा ओर बच्चा को स्वस्थ कर भेजा, कुछ दिन बाद मेरे पास आया की पेट मे सूजन हो रहा है। हमने अल्ट्रासॉउन्ड कराने की सलाह दी लेकिन रोगी के परिजन अल्ट्रासॉउन्ड नहीं कराया ओर दवा से ठीक करने की बात कही। हमने दवा लिख कर दी तो वह ठीक रही। उसके बाद मेरे पास नहीं आये। कहां इलाज कराया और किस डॉक्टर से गलती हुई, वह सब अभी मेरे ऊपर सौंपकर मुझे दोषी बना रहे हैं। इसमें हमने अपने जानते बहुत मेहनत किया। इसका नतीजा यह निकला।

# सीमांचल में 5 बार के सांसद तारिक अनवर से कांग्रेस को बड़ी उम्मीद



**कटिहार, एजेंसी।** बिहार के कटिहार लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस प्रत्याशी तारिक अनवर से पार्टी को काफी उम्मीदें हैं। सीमांचल के कटिहार से पांच बार लोकसभा का प्रतिनिधित्व कर चुके अनवर एक सधे हुए राजनेता हैं। उनका इस चुनाव में बेहतर प्रदर्शन सीमांचल में कांग्रेस का नया रास्ता खोल सकता है। फिलहाल चुनावी सियासत में इस बार तारिक अनवर की लड़ाई एनडीए के तहत जदयू प्रत्याशी दुलालचंद्र गोस्वामी से है।

तारिक और जदयू प्रत्याशी दुलालचंद्र के बीच कड़ा मुकाबला कटिहार लोकसभा चुनाव में बीते साल की तरह इस बार भी दोनों प्रतिद्वंदी के बीच सीधा मुकाबला है। जनता की नजर दोनों प्रत्याशियों पर टिकी है। राजनीति का लंबा अनुभव रहने के बावजूद उन्हें इस बार जनता की पसंद बनने के लिए कड़ा इम्तिहान देना पड़ रहा है। प्रचार के दौरान तारिक अनवर क्षेत्र के विकास की बात कर रहे है। वह दूसरी पार्टियों पर छींटाकशी करने के बजाय खुद क्या करेंगे उसे जनता को बताने में जुटे हैं। लोकसभा क्षेत्र के कई इलाकों में भ्रमण के दौरान वह अपने कार्यों की गिनाते हैं। साथ ही जनता से एक बार मौके की मांग करते हैं।

बिहार में समाजवाद का चेहरा रहे कांग्रेस प्रत्याशी तारिक अनवर बिहार में धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद का चेहरा बनने के साथ जिले में बंद पड़ी औद्योगिक मिल को चालू करने एवं कटिहार रेलमंडल को अलग पहचान बनाने के मुद्दों को उठाने के रूप में पहचाने जाते हैं। वर्ष 1977 से लेकर आज तक कटिहार के विकास के साथ प्रदेश और देश में बड़े राजनीतिक चेहरे के रूप में उनको जाना जाता है।

47 साल का चुनावी सफर 47 साल पहले 1977 में कटिहार लोकसभा क्षेत्र से चुनावी राजनीति शुरू करने वाले कांग्रेस नेता तारिक अनवर के इर्द-गिर्द लोकसभा चुनाव की धुरी घूमती रही। उन्होंने वर्ष 1980, 1984, 1989, 1991, 1996, 1998, 1999 , 2004 , 2009, 2014 और 2019 में भी चुनाव लड़ा। इसमें पांच बार कटिहार लोकसभा क्षेत्र से उन्होंने सांसद बनकर प्रतिनिधित्व किया। इस लोकसभा चुनाव में वह 13वीं बार चुनावी दंगल में भाग्य आजमा रहे हैं। उन्हें पांच बार वर्ष 1980 ,1984, 1996, 1998 और 2014 में सांसद बनने का मौका मिला। 2019 में कांग्रेस प्रत्याशी तारिक अनवर को 57,203 मतों से पराजित करने वाले जदयू के दुलालचंद्र गोस्वामी दूसरी बार एनडीए के तहत जदयू के प्रत्याशी के रूप में इस बार चुनाव मैदान में हैं।

### तारिक अनवर- परिचय

आयु- 73 वर्ष
शिक्षा- बीएससी ऑनर्स
परिवार- पत्नी हेना अनवर, बच्चे आरिब, अलीजा, अनाउम
13वीं बार लोकसभा के चुनावी दंगल में आजमा रहे हैं भाग्य
5 बार कटिहार लोकसभा का कर चुके हैं प्रतिनिधित्व

### लंबा रहा है राजनीति अनुभव

1967 में चुनाव जीतने और 1971 में चुनाव हारने के बाद सीताराम केसरी ने 1977 में तारिक अनवर को कटिहार से प्रत्याशी बनवाकर अपनी कर्मभूमि सौंपी थी। तब से लेकर आज तक वह लोकसभा चुनाव में कटिहार से प्रतिनिधित्व कर रहे है। इस बीच शरद पवार ने उन्हें महाराष्ट्र से 2004 में राज्यसभा का सदस्य बना दिया था

# कार्रवाई के नाम पर सिर्फ नोटिस भेजने तक सीमित जिला परिवहन विभाग

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** परिवहन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से सड़कों पर नियमों का उल्लंघन कर व्यवसायिक और नीजि वाहन बेरोकटोक दौड़ रहे हैं। इन पर कारगर कारवाई करने की जगह अधिकारी जांच में पकड़े जाने पर ऐसे वाहन मालिकों और संचालकों को केवल नोटिस भेज चुप लगा लेते हैं। कभी कभार बात आगे बढ़ने पर आर्थिक जुर्माना लगा देते हैं। लेकिन उसे वसूलने की याद उन्हें नहीं आती है। ऐसे में वाहन मालिकों और संचालकों की चांदी हो जाती है। गौरतलब है कि इस साल जनवरी महीने में सड़क परिवहन प्राधिकार की समीक्षा बैठक तिरहुत प्रमंडलीय आयुक्त गोपाल मीणा की अध्यक्षता में हुई थी। जिसमें कई नीतिगत निर्णय लेते हुए उन्होंने प्रमंडल के सभी जिला परिवहन पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया था। इसमें यात्री व्यवसायिक वाहनों के मालिकों और संचालकों पर निर्धारित मानकों का पालन नहीं करने पर जुर्माना लगाया था। साथ ही कुछ वाहनों का परमिट भी कुछ समय के लिए स्थगित किया था। इस क्रम में जिलों में चल रहे स्कूली बस भी कारवाई के दायरे में आए थे। नियमों का पालन नहीं करने वाले ऐसे स्कूल बसों को चिन्हित करते हुए उनपर नियमानुसार कारवाई करने का आदेश उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को दिया था। इसके बाद कारवाई करते हुए जिला परिवहन पदाधिकारियों ने इन सकूल बसों के संचालकों और मालिकों पर 30 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया था। जिसकी वसूली के लिए सभी वाहन मालिकों और संचालकों को नोटिस भेजा गया था। जिसमें कहा गया था कि उनको एक महीने के अंदर जुर्माने की राशि जमा करने को कहा गया था।

# बिहार में लू के बीच पहले चरण का मतदान; भीषण गर्मी के चलते येलो अलर्ट


**पटना, एजेंसी।** बिहार में लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण का मतदान 19 अप्रैल को होना है। इस दिन प्रदेश में लू जैसे हालात रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने सूबे में 18 और 19 अप्रैल को गर्म और असुविधाजनक मौसम की स्थिति बने रहने की संभावना को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही गर्म पछुआ हवा भी चलने की संभावना जताई गई है। वहीं मंगलवार से शुक्रवार तक अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होने की संभावना है। प्रथम चरण में प्रदेश के जमुई, औरंगाबाद, गया और नवादा लोकसभा क्षेत्र में मतदान होना है। इन लोकसभा क्षेत्र में लू जैसे हालात बनने पर मतदान प्रतिशत में कमी आ सकती है। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को प्रदेश के अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हुई, जिस कारण लोगों तपिश भरी गर्मी का एहसास हुआ। अधिकतम तापमान में



2.4 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हुई। प्रदेश का सबसे गर्म जिला 41.8 डिग्री सेल्सियस के साथ से शेखपुरा रहा। वहीं प्रदेश के 9 शहरों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक रहा। उधर राज्य में अधिक गर्मी और लू के प्रकोप को लेकर राज्य सरकार ने अलर्ट जारी करते हुए सभी विभागों को तैयार रहने को कहा है। मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा ने सोमवार को संभावित स्थिति की समीक्षा की और आपदा प्रबंधन समूह की बैठक की। साथ ही उन्होंने सभी विभागों को भीषण गर्मी और लू से निबटने के लिए तैयार रहने और आवश्यक पूर्व तैयारी कर लेने का आदेश दिया।

बैठक में जल संसाधन विभाग, ऊर्जा विभाग, कृषि विभाग, लघु जल संसाधन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, पशु मत्स्य संसाधन के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव व सचिव शामिल हुए। भारत मौसम विज्ञान विभाग के निदेशक ने अगले 15 दिनों में सामान्य से अधिक तापमान रहने आशंका जताई है। इसके मद्देनजर पशुओं के पेयजल और पर्याप्त चारा को लेकर जानकारी दी गयी है।

# बिहार के निकले दोनों शूटर, अब मोतिहारी आएगी मुंबई पुलिस की जांच टीम






### सलमान खान के घर फायरिंग करने वाले बिहर के निकले

**मोतिहारी, एजेंसी।** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के घर (गैलक्सी अपार्टमेंट) के बाहर फायरिंग करने वाले दोनों शूटर्स को मुंबई पुलिस ने धर दबोचा है। दोनों आरोपियों की पहचान 24 साल के विक्की गुप्ता और 21 साल के श्रीजोगेंद्र पाल के तौर पर हुई है। इन दोनों का बिहार से बड़ा कनेक्शन है। दोनों ही मोतिहारी जिले के चकिया ब्लॉक के ग्राम मसही तहसील नरकटिया के रहने वाले हैं। अब बहुत जल्द मुंबई पुलिस की एक टीम मोतिहारी पहुंचेगी। और दोनों के आपराधिक रिकॉर्ड को खंगालेगी, और छानबीन करेगी। इस मामले में बिहार पुलिस से मुंबई पुलिस ने संपर्क किया है। आपको बता दें दोनों शूटर्स को मुंबई पुलिस ने गुजरात के भुज से गिरफ्तार किया है। आरोपियों की धरपकड़ के लिए मुंबई पुलिस ने घटना स्थल के कई सीसीटीवी फूटेज को खंगाला और आरोपियों की पहचान की। और फिर घटना के अगले दिन ही दोनों शूटर्स को पकड़ने में कामयाब रही। फायरिंग के एक आरोपी पर वसूली, मर्डर जैसे कई आपराधिक मामले दर्ज है। सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग करने की जिम्मेदारी जेल में बंद लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल ने ली थी। इस मामले की भी जांच में पुलिस जुटी है। सलमान के घर के फायरिंग मामले से पहले भी कई बार उन्हें जान से मारने की धमकी मिल चुकी है। जिसके चलते उन्हें केंद्र सरकार ने वाई-प्लस सिक्योरिटी दी है। ये धमकी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्वोई गैंग की ओर से दी गई थी। कभी फोन कॉल्स, कभी ईमेल तो कभी लेटर जरिए सलमान को धमकाने का काम किया गया है। वहीं पकड़े गए दोनों शूटर से पूछताछ में बड़े खुलासे हो सकते हैं।

मुंबई पुलिस जल्द जांच के लिए मोतिहारी जाएगी। घटने के बाद यानी 15 अप्रैल की शाम को सलमान के भाई अरबाज खान ने परिवार की तरफ से एक स्टेटमेंट जारी किया था। बताया था कि परिवार इस घटना से स्तब्ध है। घबराया हुआ है। साथ ही इस घटना को 'पब्लिसिटी स्टंट' बताने वालों को भी करारा जवाब दिया था। वहीं, जांच के दौरान पुलिस ने अनमोल बिश्नोई के उस फेसबुक पोस्ट के आईपी एड्रेस का भी पता लगाया था, जिसमें उसने इस घटना की जिम्मेदारी लेने का दावा किया था। पुलिस ने बताया था कि उसका पता पुर्तगाल का पाया गया है।

# 6 माह मुफ्त शराब पिलाई, उधार न देने पर हत्या



**हाजीपुर (वैशाली), एजेंसी।** वैशाली में शराब धंधेबाज ने एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी। धंधेबाज ने करीब 6 माह तक पहले मुफ्त में शराब पिलाई थी। शराब पीने वाले पर धंधेबाज का 35 हजार रुपया उधारी हो गया। उधारी चुकाने के लिए दबाव बना रहा था। उधारी का पैसा नहीं देने पर धंधेबाज ने जमीन देने की बात कही। जमीन नहीं लिखने पर घर से 700 मीटर दूर बुलाकर व्यक्ति की हत्या कर दी। शव पर कई जगह जख्म के निशान हैं। आरोपी घटना के बाद से फरार है। घटना राघोपुर थाना क्षेत्र के चकसुतान दियारा की है। हत्या कर शव को दियारा में फेंक दिया गया था। खेत में काम करने वाले लोगों ने शव की पहचान की। मृतक की पहचान रामपुर श्यामचंद निवासी योगेन्द्र राय के 55 वर्षीय पुत्र विनोद कुमार के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। मृतक के भाई अमरेन्द्र कुमार ने बताया कि गांव में शराब धंधेबाज नबाव राय है। उसके साथ में रहकर खाने-पीने लगे थे। नबाब राय का विनोद के ऊपर 35 हजार रुपया उधार हो गया था। जिसको लेकर नवाब राय ने पूर्व में ही जमीन लिखने को कहा था।

## संक्षिप्त समाचार

### 6 माह मुफ्त शराब पिलाई, उधार न देने पर हत्या, शराब धंधेबाज जमीन लिखवाने का बना रहा था दबाव

**हाजीपुर**। वैशाली में शराब धंधेबाज ने एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी। धंधेबाज ने करीब 6 माह तक पहले मुफ्त में शराब पिलाई थी। शराब पीने वाले पर धंधेबाज का 35 हजार रुपया उधारी हो गया। उधारी चुकाने के लिए दबाव बना रहा था। उधारी का पैसा नहीं देने पर धंधेबाज ने जमीन देने की बात कही। जमीन नहीं लिखने पर घर से 700 मीटर दूर बुलाकर व्यक्ति की हत्या कर दी। शव पर कई जगह जख्म के निशान हैं। आरोपी घटना के बाद से फरार है। घटना राघोपुर थाना क्षेत्र के चकसुतान दियारा की है। हत्या कर शव को दियारा में फेंक दिया गया था। खेत में काम करने वाले लोगों ने शव की पहचान की। मृतक की पहचान रामपुर श्यामचंद निवासी योगेन्द्र राय के 55 वर्षीय पुत्र विनोद कुमार के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। मृतक के भाई अमरेन्द्र कुमार ने बताया कि गांव में शराब धंधेबाज नबाव राय है। उसके साथ में रहकर खाने-पीने लगे थे। नबाब राय का विनोद के ऊपर 35 हजार रुपया उधार हो गया था। जिसको लेकर नवाब राय ने पूर्व में ही जमीन लिखने को कहा था। नहीं लिखने पर घर से बुलाकर हत्या कर दी। घटना के संबंध में राघोपुर थाना के ग्रामीण पुलिस मिथिलेश भगत ने बताया कि चकसुतान दियारा में एक व्यक्ति का शव मिला है। उसकी हत्या कर दी गई है। परिजन शव लेकर थाना पर आए। पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है।

### कचरा फेकने को लेकर हुई मारपीट में चार लोग जख्मी, प्राथमिकी दर्ज

**चाणक्य भूमि के लिये आस्था सिंह की रिपोर्ट**। वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र के धनहा टोला हवाई अड्डा निवासी मुन्नी देवी पति मनोज चौधरी ने अपने पडोसी के विरुद्ध मारपीट एवं जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए दस लोगो पर प्राथमिकी दर्ज कराई है।आवेदन के मुताबिक सोमवार की संध्या सात बजे मुन्नी देवी अपने दरवाजे पर साफ-सफाई कर रही थी। झाडू लगाने के क्रम में बांस का सुखा पत्ता उड़कर पड़ोसी भोला धांगड के घर के पास चला गया। जिस कारण से भोला धांगड मुझे गन्दी गन्दी गाली देने लगा। जब मैं गाली देने से मना कि तो भोला धांगड हल्ला कर अपने रिश्तेदारो को बुला लिया। और अपने परिवार के लोगो से कहा कि इस औरत को जान से मार देगें। बहुत मुंह लगाती है। इतने में भोला धांगड , संजय धांगड, नथुनी धांगड़, रामवती देवी, विशाल धांगड़, मुन्ना कुमार देवंती देवी, ममता देवी सभी हवाई अड्डा, धनहा टोला निवासी सभी एक राय कर लाठी, लोहा के रड, फरसा, दाब ( तेज धारदार हथियार) लेकर गाली गलौज करने लगे। जान से मारने के नियत से मेरे सर पर मारा जिससे मैं जख्मी हो गई। मेरे स्वजन के बीच बचाव करने पर किसी तरह मेरी जान बची। इस बाबत थानाध्यक्ष विजय प्रसाद राय ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### पुलिस ने छह माह से फरार चल रहे अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**चाणक्य भूमि मैनाटांड़**। मानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मानपुर पुलिस ने रविवार को छापेमारी कर छह महिना से फरार शिकारपुर प्रथिमिकी एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर शिकारपुर थाना को सुपुर्द कर दिया गया है। मानपुर थानाध्यक्ष अजय कुमार चौधरी ने बताया की शिकारपुर थाना प्रथिमिकी कांड स०702/23 धारा 302/ 201 भा०द वि० ईस कांड में छह महिना से फरार अभियुक्त की पहचान धनी लाल साह पिता रामेश्वर् साह ग्राम डमरापुर थाना मानपुर से छापामारी करके गिरफ्तार कर शिकारपुर थाना को सुपुर्द कर दिया गया है।

### मीना बाजार के ठेला चालकों की पिटाई से घायल टेंपो चालक की मौत

**चाणक्यभूमि बेतिया**। सात अप्रैल को मीना बाजार के ठेला व्यापारियों द्वारा मामूली विवाद में एक बैट्री रिक्शा के चालक को बुरी तरह पीट कर घायल कर दिया था जिससे उसके सर रीड की हड्डी और सीने पर गंभीर चोट लगी थी साथ ही उसके नाक की हड्डी भी टूट गई थी । परिजनों द्वारा उसका बेतिया से लेकर गोरखपुर तक ईलाज कराया गया परंतु चोट इतनी ज्यादा थी कि उसे बचाया नहीं जा सका और आज दोपहर उसकी मौत हो गई।

### मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष बने यमुना सीकारिया- निर्विरोध निर्वाचित



**चाणक्यभूमि मोतिहारी ।** मारवाड़ी युवा मंच मोतिहारी शाखा की सत्र 2023-24 की अंतिम आम सभा का आयोजन युवा यमुना सीकारिया के आवास पर युवा विपुल जालान की अध्यक्षता में की गई, जिसमे आगामी कार्यक्रमो पर चर्चा करते हुए चल रहे ग्रीष्म ऋतु में 11 अस्थाई शीतल जल प्याऊ प्रारंभ करने की योजना बनी,जिसे मोतिहारी शहर क्षेत्र के अलग अलग इलाकों में शुरू किया जाएगा,साथ ही इस वर्ष स्थाई प्रकल्प के रूप में अत्याधुनिक मुक्तिधाम को पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया।जिसमें लकड़ी के साथ साथ बिजली और गैस से भी अंतिम संस्कार करने की सुविधा रहेगी।तत्पश्चात नए सत्र 2024-25 हेतु चुनाव भी करवाया गया। चुनाव पदाधिकारी युवा रवि केजरीवाल ने अच्छे माहौल में चुनाव सम्पन्न कराया।मंच के नए अध्यक्ष युवा यमुना सीकारिया निर्विरोध निर्वाचित हुए, उपाध्यक्ष पद पर युवा शैल जैन एवं युवा अभिषेक केडिया, शाखा सचिव अमित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राहुल अग्रवाल, सहसचिव प्रतीक केडिया, कार्यकारिणी सदस्य रोहित अग्रवाल,शुभम अग्रवाल, साकेत नोपानी, चंदन मित्तल चयनित हुए। युवा रवि केजरीवाल ने इन सारे नए पदाधिकारियों को सपथ पाठ करा नया पद ग्रहण कराया। यमुना सीकरीया के अध्यक्ष बनने पर श्री चंद्रभूषण पांडेय, श्री राकेश ओझा, उपमेयर लालबाबू प्रसाद, श्री दीपक पटेल एवं अन्य गम्मान्य लोगों ने श्री सीकरीया को बधाई दी।

### बगहा के पिपरासी में अगलगी में दर्जनो घर जलकर राख

**चाणक्यभूमि बगहा**। पिपरासी प्रखंड स्थित सेमरा लबेदहा पंचायत के श्रीपतनगर गांव में मंगलवार को आग लग गई। हवा की वजह से देखते ही देखते दर्जनों घरों को आग ने अपने कब्जे में ले लिया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका लेकिन तब तक सब कुछ जलकर राख हो चुका था। घटना की सूचना पर पहुंचे जिला पार्षद धनेश्वर यादव ने इसकी सूचना जिलाधिकारी को दी। जिसके बाद जिलाधिकारी ने पीड़ितों को तुरंत सरकारी सहायता पहुंचाने का आश्वासन दिया।

# लूटकांड में शामिल 3 अपराधी गिरफ्तार, 2 लाख की हुई थी लूट

## बैंक जाने के दौरान रुपयों से भरा बैग छीना था

चाणक्य भूमि

पटना के खुसरूपुर में चाय पत्ती कारोबारी से हुए लूटकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। घटना में शामिल 3 अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि चौथे की तलाश में छापेमारी की जा रही है। एक देसी कट्टा, 63,500 रुपए नगद, मोबाइल और घड़ी बरामद हुआ है। 15 अप्रैल शुक्रवार को खुसरूपुर में दिनदहाड़े कारोबारी से 2 लाख रुपए की लूट हुई थी। विरोध करने पर बाइक सवार अपराधियों ने पिस्टल के बट से सिर और चेहरे पर मारकर घायल कर दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने एक टीम का गठन किया। सीसीटीवी के जरिए पहचान के बैद लूट के



सामान के साथ 3 अपराधियों को गिरफ्तार किया। जिसकी पहचान हरदास बिगहा निवासी अंगेश कुमार, बिल्टू कुमार, कुंदन कुमार के तौर पर हुई है। अंगेश कुमार का आपराधिक इतिहास रहा है। फतुहा, खुसरूपुर, दीदारगंज, सालिमपुर थाने में करीब 15 मामले दर्ज हैं।

**लूट का वीडियो आया सामनेः** लूट का सीसीटीवी भी सामने आया है। जिसमें दिख रहा है कि सड़क किनारे पैदल कारोबारी हाथ में बैग लिए जा रहा है। इसी दौरान सामने से बाइक सवार दो बदमाश कारोबारी के पास पहुंचे। बाइक पर पीछे बैठा बदमाश हाथ से बैग छीन लिया। इस दौरान बाइक अनियंत्रित हुआ तो कारोबारी बदमाश को पकड़ने की कोशिश करता है, लेकिन उसके साथ मारपीट कर वह फरार हो जाता है। हुसैनपुर निवासी कारोबारी कलेक्शन करने के बाद 2 लाख रुपए लेकर बैंक जमा करने जा रहे थे।

# पटना सिटी में पंजर भोकवा मेले का आयोजन

चाणक्य भूमि



**सती-सावित्री और सत्यवान की याद में वर्षों से चली आ रही है परंपरा, शोभा यात्रा भी निकाली गई**

पटना सिटी के रानीपुर से मंगलवार की सुबह पंजर भोकवा मेला के अवसर पर शोभा यात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा में मां देवी के प्रति आस्था रखने वाले कई भक्तों ने अपने पेट के बगल में लोहे का छड़ भोक कर देवी मां के प्रति अपनी आस्था जताई। रानीपुर से निकाला यह शोभा यात्रा पटना सिटी के नगर परिक्रमा के बाद रानीपुर स्थित सती सावित्री मंदिर में वापस स्थापित कर दिया गया। आस्था ऐसी देखने को मिली कि लोगों ने अपने-अपने पेट के बगल में दोनों तरफ लोहे के मोटे-मोटे छड़ अपने शरीर के मांस में चूभा लिया, लेकिन एक बूंद खून भी नहीं निकाली और ना ही उन्हें दर्द का एहसास हुआ।

**400 वर्ष पुरानी है परंपराः** प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाले इस मेले का शुभारंभ लगभग 400 वर्ष पुरानी बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि रानीपुर में सती सावित्री की एक मंदिर है। बताया जा रहा है कि पूर्व में यह 52 गांव की बस्ती थी इस आधार पर उस गांव का नाम बाभन गामा पड़ा है। स्थानीय लोगों की ऐसी मान्यता है कि सत्यवान के प्राण को बचाने के लिए सावित्री यमराज से भी भीड़ गयी थी। सावित्री के पतिव्रता होने के गुण को देखते हुए यमराज सत्यवान के प्राण को वापस करने पर मजबूर हो गए थे। बताया जा रहा है कि उन्ही की याद में प्रत्येक वर्ष यहां चैत माह में सतवानी के दिन पंजर भोकवा मेले का आयोजन किया जाता है। बताया जाता है कि रात भर सती सावित्री मेले में लोग चैत भजन, कीर्तन का आयोजन करते हैं।

# UPSC में समस्तीपुर के शिवम को 19वीं रैंक

चाणक्य भूमि

यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में समस्तीपुर के बिथान निवासी शिवम कुमार टिबड़ेवाल ने 19वीं रैंक हासिल की है। शिवम फिलहाल नागपुर में इनकम टैक्स पदाधिकारी हैं। चौथे प्रयास में सफलता मिली है। शिवम के पिता प्रदीप टिबड़ेवाल दवा की दुकान चलाते हैं। मां संतोषी देवी गृहिणी हैं। बेटे की सफलता से काफी खुश हैं। उन्होंने बताया कि शिवम ने बिथान सरस्वती शिशु मंदिर से प्रारंभिक शिक्षा हासिल की है। 10वीं पीएसपी हाईस्कूल और 12वीं संत जेवियर्स मुजफ्फरपुर से की है। शुरू से ही शिवम की इच्छा थी कि आईएएस बनकर समाज और राष्ट्र की सेवा करें। वहीं, औरंगाबाद के विरुपाक्ष विक्रम सिंह को 49वीं रैंक मिला है। उन्हें दूसरे प्रयास में ये सफलता मिली है। पहले अटेम्प्ट में 392वां रैंक मिला था। विरुपाक्ष



विक्रम सिंह के पिता विनीत विनायक सीबीआई के ज्वाइंट डायरेक्टर रह चुके हैं। फिलहाल सिक्किम में एडीजी हैं। सिक्किम कैडर के 1995 बैच के आईपीएस विनीत विनायक पटना के एसएसपी भी रह चुके हैं। मां दिल्ली पब्लिक स्कूल, नई दिल्ली में विज्ञान की शिक्षिका हैं। बता दें, संघ लोक सेवा आयोग सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन- 2023 का रिजल्ट जारी कर दिया। 1016 अभ्यर्थी सफल हुए हैं। जो इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस (IAS), इंडियन पुलिस सर्विस (IPS) और इंडियन फॉरेन सर्विस (IFS) के लिए चुने गए हैं।

# मीसा भारती बोलीं- 400 के बदले 4 हजार बोल दिए थे नीतीश कुमार, पीएम के साथ मंच साझा करने से बनाई दूरी

चाणक्य भूमि

मीसा भारती ने प्रधानमंत्री के आज चुनावी सभा में सीएम नीतीश कुमार के नहीं रहने पर तंज कसा है। उन्होंने कहा है कि पिछली बार मुख्यमंत्री ने 400 की जगह 4000 बोल दिया ता। इसके बाद पीएम से माफी मांगनी पड़ी थी। यही वजह है दोनों एक साथ मंच साझा नहीं कर रहे हैं। वहीं, उन्होंने लालू परिवार पर लगातार हमले पर कहा कि पीएम के पास बोलने के लिए कुछ नहीं है। वह क्या बोलेंगे, रोजगार कब देंगे, बेरोजगारी कब हटाएंगे। काला धन कब आएगा। इन सब मुद्दों पर प्रधानमंत्री को बोलना चाहिए। लेकिन आए और चले गए।

**चिराग ने पीएम मोदी के दौरे पर क्या कहाः** पीएम मोदी के बिहार दौरे को लेकर पटना एयरपोर्ट पर बयान देते हुए LJP (R) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने बयान देते हुए कहा कि चुनाव का समय है। यह हम सब बिहारी के लिए गर्व की बात है कि हमारे प्रधानमंत्री इतना समय बिहार को दे रहे हैं, न सिर्फ चुनाव के वक्त। बल्कि चुनाव से पहले भी उनके कार्यक्रम बिहार में हुए। पीएम मोदी के प्रति लोगों में एक दीवानगी है, लोग चाहते हैं खास तौर पर बिहारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चाहते है। प्रधानमंत्री बिहार जितनी बार आएंगे, हमारे गठबंधन को लाभ होगा। वहीं, तेजस्वी यादव के ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए चिराग पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री हर उस विषय पर अपनी बातों को रखते हैं जो जनता से जुड़े हुए हैं, जो चुनाव के वक्त रेलीवेंट है ऐसे में प्रधानमंत्री के बातों का ही असर है कि 2014 से बड़ी जीत 2019 में और अब 2019 से बड़ी जीत 24 में देखने जा रहे हैं। आरोप शुरू से लगते रहे हैं हारा कौन है। यह सभी को पता है । तेजस्वी के ट्वीट को लेकर चिराग ने आगे कहा इस तरह के भाषा का इस्तेमाल देश के प्रधानमंत्री के लिए, अपनी कमियों के छुपाने के लिए इस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया जाता है तो विपक्ष अपनी कमजोरी को दर्शाता है। पीएम मोदी के बिहार दौरे को लेकर RLM के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने पटना एयरपोर्ट पर बयान देते हुए कहा कि पीएम मोदी की हवा तो पहले से ही चल रही है, जहां जा रहे हैं पीएम मोदी। वहां हवा लहर के रूप में परिवर्तित हो जा रही है , चौतरफा पीएम मोदी की हवा है। इससे और मजबूती मिल रही है। वहीं, तेजस्वी यादव के ट्वीट को लेकर उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि भ्रष्टाचार के बारे में तेजस्वी यादव बोलेंगे तब तो लोग हसेंगे ना, जिनके सर से पांव तक भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है और एक व्यक्ति नहीं पूरा परिवार, उसमें भी भ्रष्टाचार के कई ऐसे आरोप हैं जो कोर्ट से साबित हो चुका है।

### तेजस्वी ने एक्स पर पोस्ट शेयर कर साधा निशाना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गया और पूर्णिया में आज सभा है। इससे पहले एक बार फिर से पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने अपने सोशल मीडिया हैंडल X पर प्रधानमंत्री से 10 सवाल पूछे है। उनके द्वारा घोटाला, रोजगार, इलेक्टोरल बॉन्ड साथ ही बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं दिए जाने पर सवाल किया है। उन्होंने लिखा की प्रधानमंत्री जी का आज फिर बिहार की गौरवशाली धरती पर स्वागत है। आप विगत वर्षों से देश के प्रधानमंत्री है। आशा है अब आप हर नाकामी के लिए विपक्ष को दोष ना देकर निष्पक्षता से सरकार की खामियों का अवलोकन कर उस पर अपना भाषण केंद्रित करेंगे।

# एनडीए और महागठबंधन ने चुनाव प्रचार में लगाया दम

## 19 अप्रैल को पहले चरण की वोटिंग

चाणक्य भूमि

लोकसभा चुनावी प्रचार पूरे शबाब पर है। पीएम मोदी ने मंगलवार को बिहार में एक साथ दो सभाओं को संबोधित किया। वहीं, यूपी के सीएम योगी भी लगातार रैली कर रहे हैं। सीएम नीतीश कुमार भी एनडीए के पक्ष में ताबड़तोड़ रैलियां और रोड शो कर रहे हैं। इधर,महागठबंधन में भी प्रचार कम नहीं है। राजद नेता और बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश सिंह, वीआईपी नेता मुकेश सहनी भी जनसभाएं कर रहें हैं। इतना जोर आजमाइश बिहार की 40 सीटों के लिए हो रही है।

**2019 जैसा परफॉर्मेंस जारी रखना होगाः** भारतीय जनता पार्टी का शीर्ष नेतृत्व और इंडिया गठबंधन दोनो ज्यादा से ज्यादा सीट जीतना चाहती है। भारतीय जनता पार्टी और महागठबंधन के नेताओं को का बिहार पर जोर की असल वजह है-केंद्र की सत्ता बिहार से गुजरती है। वरीष्ठ पत्रकार संतोष कुमार कहते हैं कि एनडीए को केंद्र की सत्ता पर काबिज होना है तो बिहार से 39 सीट कम से कम जीतें। NDA को 2019 के परफॉर्मेंस को दोहराना होगा। संतोष कुमार दूसरे प्वाइंट के



रूप तेजस्वी की एक करोड़ नौकरी और पांच सौ में गैस सिलेंडर को मानते हैं। तेजस्वी यादव ने कहा है कि देश में यदि उनकी सरकार बनती है तो एक करोड़ युवाओं को नौकरी देंगे, यह भी एक बहुत बड़ी वजह है कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व बिहार पर इतना जोर दे रहा। संतोष कुमार आगे बताया है कि तेजस्वी यादव ने पांच सौ रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा किया है। यह भी एक बड़ी वजह है कि बीजेपी वाले डरे हुए हैं। उन्होंने कहा है कि योगी यूपी से ज्यादा जोर बिहार पर दे रहें।

**पहले चरण की वोटिंग 19 अप्रैल कोः**

**पीएम मोदी लगातार कर रहे हैं रैलियां**

लोकसभा चुनाव के पहले चरण की वोटिंग 19 अप्रैल को होगी। बीजेपी ने अपना पूरा जोर लगा दिया है। खुद प्रधानमंत्री मोदी तूफानी दौरा कर रहे हैं। 13 दिन के भीतर पीएम मोदी ने तीसरी बार पीएम मोदी का बिहार दौरा हुआ है। प्रधानमंत्री ने गया और पूर्णिया में रैलियां की है। उन्होंने गया में पूर्व सीएम जीतन राम मांझी के लिए वोट मांगे तो पूर्णिया में संतोष कुशवाहा के लिए वोट की अपील की।

**उत्तरप्रदेश सीएम योगी घूम रहें बिहार....:** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जमुई में चिराग पासवान के जीजा अरुण भारती के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित किया है। विस्फोटक तरीके से चुनावी सभाएं कर रहें। अपने राज्य उत्तरप्रदेश में जीत से ज्यादा बिहार पर फोकस है। उत्तर प्रदेश सीएम योगी ने सोमवार को भी सभाएं की थी।

# पटना में सड़क हादसे में युवक की मौत

चाणक्य भूमि

पटना के बाईपास थाना क्षेत्र के पैजाबा के नजदीक सोमवार की देर रात एक ट्रक ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। घटना के बाद ट्रक ड्राइवर गाड़ी मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। लोगों ने घायल युवक को पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान पटना सिटी के चैली टाल निवासी सुनील कुमार के रूप में हुई है जो टायर का व्यापारी बताया जा रहा है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि सुनील कुमार सोमवार की देर रात अपनी दुकान बंद कर अपनी अपाची मोटरसाइकिल से वापस अपने घर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि



जैसे ही सुनील कुमार पैजावा के पास पहुंचे हैं। तेज रफ्तार से आ रही ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। इस हादसे में सुनील कुमार बुरी तरह घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते हैं बाईपास थाना और ट्रैफिक थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दी है और मामले की छानबीन शुरू कर दिया है।

# गंगा नदी में डूबने से महिला की मौत

चाणक्य भूमि

पटना के दानापुर थाना क्षेत्र के नारियल घाट पर अहले सुबह गंगा में स्नान करने के दौरान एक महिला डूब गई, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कf थाना क्षेत्र तकियापर की रहने वाली प्रतिमा देवी (50) सुबह घर वालों को बिना बताए महाअष्टमी को लेकर गंगा स्नान करने गई थी। नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चली गई, जिससे वह गंगा में डूब गई और उनकी मौत हो गई। महिला की डूबने की सूचना मिलते ही मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ इक्कठा हो गई। सूचना मिलते ही परिजन गंगा घाट पहुंचे। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी डायल 112 के साथ ही स्थानीय पुलिस दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। दानापुर पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दानापुर अनुमंडल अस्पताल भेज दिया। मतका के पति जेडीयू नेता राज



कुमार ने बताया की सुबह जब वह उठे तो अपनी पत्नी को घर में नहीं पाया, जिसके बाद खोजबीन की तो पता चला को गंगा स्नान करने गई है। काफी देर तक घर नही पहुंची तब गंगा घाट पहुंच कर देखा तो पाया की घाट किनारे उनके कपड़े और पूजा का सामान पड़ा हुआ है, लेकिन उनकी पत्नी आसपास कही दिखाई नहीं दी। पास से गुजर रहे नाव में बैठे नाविक ने कहा की एक महिला की साड़ी दिखाई दे रहा है। इसके बाद उसके द्वारा उक्त महिला को धकेल कर घाट किनारे लाया। जब शव का चेहरा देखा तो पाया की वह शव मेरी पत्नी का है। बता दें कि चार साल पहले भी राज कुमार का एक बेटा भी कुर्जी बालू पर घाट पर स्नान करने के दौरान डूब गया था।

# बिहार के युवाओं को मूर्ख नहीं समझें पीएम मोदी

## मुकेश सहनी बोले- बार-बार बिहार आ रहे हैं तो लिट्टी-चोखा खा करके जाएं

चाणक्य भूमि

विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख और पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने प्रधानमंत्री के बिहार दौरे पर कटाक्ष किया है। मुकेश सहनी ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी बार-बार बिहार आ रहे हैं। यहां की लिट्टी चोखा खाकर जरूर जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री बिहार के युवाओं को मूर्ख नहीं समझें। 2014 और 2019 में जो आपने वादा किया था। वह वादा पूरा किया या नहीं? ये बातें बिहार के युवाओं को बताएं। आपने कितना वादा पूरा किया है? थोड़ा काम भी किया तो वह भी बता दें।

**विशेष राज्य का दर्जा देंगे क्याः** प्रधानमंत्री ने कहा था कि वह काला धन लाएंगे। वह आया या नहीं आया? देश के बाहर कितना काला धन गया, वह भी बताएं।



बिहार को विशेष राज्य पैकेज देना था। वह आपने दिया या नहीं दिया। यह भी बताएं। आपसे आग्रह है कि मुख्यमंत्री हमेशा विशेष राज्य के दर्जे के लिए देश के प्रधानमंत्री से लड़ाई लड़ते थे। वह बताएं कि अगर वह तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते हैं तो क्या बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देंगे या नहीं देंगे? यह सारी बातें वह बिहार के लोगों को बताएं। केवल आना और भाषण देकर के जाना लग रहा है। यह बिहार के लोगों के लिए गलत है। इसलिए आप हम लोगों को गुमराह करने के लिए आते हैं। इसलिए आपसे आग्रह है कि पिछले 10 साल में अपने बिहार के लोगों को क्या किया? यह जरूर रिपोर्ट कार्ड दे। आप आगे क्या करेंगे? यह मत बताएं जो आपने पहले किया है. जो करेंगे वह जरूर बताएं।

**पूर्णिया में एयरपोर्ट कब बनेगाः** आपने कहा था कि पूर्णिया में एयरपोर्ट चालू होगा। क्या वह चालू हो गया? उसके बारे में बताएं। बिहार की तरक्की के बारे में बताएं। केवल भाषण और राशन नहीं दें। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष में जो लोग हैं वह कुछ भी बोलेंगे। वो कुछ भी जवाब नहीं देंगे। यह वही पार्टी है जिनके पास 10 करोड़ का बॉन्ड कोई रख दिया। उन्होंने बैंक में डिपॉजिट कर लिया। वह भाषण देते हैं कि किसी ने लाकर के रख दिया। हम गरीब पिछड़े लोग हैं। हमारे ऊपर जितना आरोप लगाना है, लगा सकते हैं। हम लोग गरीब हैं। हमारा कोई माई बाप नहीं है। जदयू खुद ऑक्सीजन वेंटिलेटर पर है। वह दूसरे किसी को क्या कहेगी?

**तेजस्वी ने भी साधा निशानाः** वहीं,नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पीएम नरेंद्र मोदी पर सीधा निशाना साधा है। तेजस्वी यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री ने केवल महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी और जुमलेबाजी दी है। एक सवाल के जवाब में तेजस्वी यादव ने कहा कि हम लोगों ने बिहार में लाखों नौकरियां दी, लोगों का मानदेय दुगना किया, आईटी पॉलिसी, टूरिज्म पॉलिसी, और स्पोर्ट्स पॉलिसी बनाई। जाति आधारित गणना कराई। आरक्षण की सीमा को बढ़ाया।

# रामनवमी के उपलक्ष्य में विहिप बजरंग दल ने निकाली भव्य शोभायात्रा

- पूरे जिले में अनेक जगह श्री श्री राम जन्मोत्सव,भव्य शोभायात्रा अष्टयाम व हनुमान आराधना का हो रहा आयोजन
- वर्षों के उपरांत अयोध्या में विराजमान हुए हैं हमारे रामलला इस वर्ष की रामनवमी विश्व के समस्त रामभक्तों के लिए ख़ास। रमण गुप्ता,जिला मंत्री विहिप





**चाणक्य भूमि बेतिया**

रामनवमी के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विहिप बजरंग दल के तत्वावधान में एक भव्य शोभायात्रा निकली शोभायात्रा का नेतृत्व नगर अध्यक्ष दीपू शर्मा कर रहे थे तथा सैकड़ो कार्यकर्ता हांथो में भगवा ध्वज लिए और जय श्री राम के गगनभेदी नारे लगाते हुए अपनी अपनी बाईक के साथ और पैदल चल रहे थे जिलाध्यक्ष निरज कुमार,संरक्षक विनय कुमार कार्याध्यक्ष दीपक वर्मा,अरविंद गुप्ता ने हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया तत्पश्चात शोभायात्रा नगर के विभिन मार्गो से होते हुए हरीवाटिका शिव मंदिर मे पहुंची जहां शोभा यात्रा के स्वागत हेतु नगर की उप महापौर माननीय श्रीमति गायत्री देवी मौजूद रही उन्होंने बताया कि इस भव्य शोभायात्रा को देखकर शहर के सभी सनातनियों में हर्ष व उल्लास का माहौल है साथ ही उन्होंने समस्त राम भक्तों को दुर्गाष्टमी व रामनवमी की बधाई दी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विहिप बजरंग दल के जिला मंत्री रमण गुप्ता ने कहा की इस वर्ष की रामनवमी विश्व के समस्त रामभक्तों के लिए खास है क्योंकि 500 वर्षों के लंबे अंतराल बाद इस वर्ष हमारे आराध्य श्री रामलला अयोध्या में अपने भव्य मंदिर में वीराजमान हुए हैं जिससे देश विदेश के सभी सनातनियों में दुगनी ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है इस अवसर पर पूरे देश भर में रामनवमी की शोभा यात्रा निकाली जा रही है तथा अपने जिले में भी विभिन्न स्थानों से भव्य शोभायात्रा,अष्टयाम, कीर्तन हनुमान आराधना जैसे अनेकों धार्मिक अनुष्ठान करने की योजना बनी हैं विहिप के मठ मन्दिर प्रमुख उमेश त्रिपाठी ने सभी रामभक्तों से रामनवमी के दिन अपने अपने घरों में दीपक जलाने का आग्रह किया कार्यक्रम का समापन जिला संयोजक सोनू कुमार ने समस्त कार्यकर्ता अधिकारीगण,जिला प्रशासन के समस्त पुलिसकर्मियों व व्यवस्था संभालने वाले सभी स्वयंसेवक बन्धुओ का आभार जताकर कियामौके पर जिला प्रचार प्रसार प्रमुख गांधी श्रीवास्तव रवि राय,अमित राज शिबु राहुल शर्मा सुजीत शर्मा ,राज प्रियांशु, विकास कुमार पप्पू कुमार मैनेजर पासवान मुकेश पासवान दिलखुश तिवारी राहुल कुमार सनी कश्यप आर्यन सुभाष सूरज,आशीष,मनीष पंडित,अनुज ,धीरज गुप्ता, रवि गोस्वामी, प्रशांत ठाकुर, आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# राष्ट्र का नींव युवा होते है : डॉ. संजय जायसवाल

**चाणक्य भूमि बेतिया**



- आज भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा बेतिया के राजमहल उत्सव हॉल में विशाल युवा सम्मेलन का आयोजन जिलाध्यक्ष अभिषेक यादव जी के अध्यक्षता में किया गया

युवा सम्मेलन कार्यक्रम की शुरुआत निवर्तमान सांसद डॉ. संजय जायसवाल , नारायण प्रसाद , युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भारतेंदु मिश्रा,भाजपा जिलाध्यक्ष रूपक लाल श्रीवास्तव व जिलाध्यक्ष अभिषेक यादव ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। संजय जायसवाल ने कहा कि इस देश का भविष्य युवाओं के कंधों पर टिका हुआ है।युवाओं को स्वामी विवेकानंद जी के पांच सूत्र आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता, आत्मज्ञान, आत्मसंयम और आत्मत्याग को जीवन मे उतारने की जरूरत है। किसी भी राष्ट्र का नीव युवा ही होते है,भारत के युवा ही भारत का भविष्य तय करेंगे।भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष भारतेंदु मिश्रा ने कहा कि युवा किसी भी देश का वर्तमान और भविष्य दोनों होते हैं। उनकी प्रतिभा और क्षमता देश को गौरवान्वित करने में विशेष भूमिका निभाती है। इसलिए यह कहना उचित होगा कि आज का युवा कल का इतिहास निर्माता है। भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष धनरंजन कुशवाहा ने युवा साथियों को संबोधित करते हुए संकल्प दिलाया कि इस लोकसभा चुनाव में सभी युवाओं साथियों को पूरी ताकत के साथ मोदी जी के लोक कल्याण कार्यों को घर-घर पहुंचाना है एवं डॉ संजय जयसवाल को चार लाख मतों से विजई बनाना है। युवा एनडीए के पक्ष में वोट देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी के नेतृत्व में भारत को दुनिया का सबसे ताकतवर देश बनाने का काम करेंगे। जिलाध्यक्ष अभिषेक यादव ने बताया कि इस सम्मेलन में नौतन,बेतिया व चनपटिया के लगभग सभी पंचायतों से युवाओं की टोली भाग ली थी।इन्होंने बदलते राजनीतिक माहौल को लेकर भी सोशल मीडिया पर ज्यादा से ज्यादा युवाओं को सक्रिय रहने की सलाह दी। मंच संचालन महामंत्री अविनाश कश्यप व धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री किशन श्रीवास्तव ने किया।मौके पर भाजयुमो के प्रदेश महामंत्री नितिन नवीन,अल्पसंख्यक मोर्चा के बिहार प्रभारी प्रतीक एडविन शर्मा,भाजयुमो क्षेत्रीय प्रभारी प्रवीण श्रीवास्तव, प्रदेश प्रवक्ता समृद्ध वर्मा, जिला उपाध्यक्ष रवि सिंह,मुकेश कुशवाहा, कुणाल राज शर्राफ, सहित हजारों युवा उपस्थित रहे।

## सलमान खान के घर पर फायरिंग करने वाले बेतिया के निवासी

**चाणक्य भूमि बेतिया**

देश के चर्चित कांड सलमान के घर पर गोलीबारी करने वाले युवकों की पहचान हो गई है। इनके नाम विक्की साहेब गुप्ता (24) और सागर श्रीजोगेंद्र पाल (21) है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के परिजनों को पूछताछ के बाद आज दोपहर छोड दिया है। आपको बता दें कि मुंबई पुलिस इन दोनों अपराधियों का सुराग खोजते हुये सोमवार को बेतिया पहुंचीं। और आरोपियों के घरों पर छापामारी कर परिजनों से पूछताछ की।

## 52 गढ़ी में शुरू हुआ 24 घंटे का अखंड राम नाम संकीर्तन

**चाणक्य भूमि वाल्मीकिनगर**



- चैत्र नवरात्रि में नौ दिनों तक की गई शक्ति की उपासना, रामलीला के माध्यम से हुआ भगवान राम का चरित्र चित्रण

वाल्मीकिनगर के संतपुर सोहरिया पंचायत स्थित ऐतिहासिक 52 गढ़ी माई स्थान परिसर में मंगलवार से 24 घंटे के लिए राम नाम संकीर्तन अखंड अष्टयाम की शुरुआत की गई। बता दें कि ,इसी 52 गढ़ी स्थान में आल्हा ऊदल के पिता राजा जासर अन्य राजाओं के साथ बैठक किया करते थे। जिसके कारण इस जगह का नाम 52 गढ़ी पड़ा। इस मंदिर परिसर में संतपुर सोहरिया पंचायत व लक्ष्मीपुर रमपुरवा पंचायत के ग्रामीणों ने चैत्र नवरात्रि में मां शक्ति का उपासना कर, रामलीला के माध्यम से राम के लीला का चरित्र चित्रण भी कराया। जिसमें अयोध्या से आए हुए कलाकारों ने रामलीला का मंचन कर स्थानीय ग्रामीणों के मन में सनातन धर्म के प्रति जोश भरा। इस बाबत जिप अध्यक्ष निर्भय कुमार महतो ने बताया कि कुमार महतो ने बताया कि मां जगत जननी की उपासना के बाद समाज एवं विश्व कल्याण के लिए राम नाम संकीर्तन का आयोजन कराया गया है। जिसकी पूर्णाहुति आज होगी। इस धार्मिक अनुष्ठान को संपन्न कराने में जिला परिषद अध्यक्ष निर्भय कुमार महतो, पूर्व मुखिया पति राजलाल महतो,बाबा विजय तिवारी मुखिया प्रतिनिधि रमेश कुमार महतो पूर्व सरपंच जगदीश सोखईत, डॉक्टर विनय सिंह,ईडीसी अध्यक्ष राजेश काजी ने अहम भूमिका निभाई।

# निःशुल्क भोजन के बाद निःशुल्क चिकित्सा की ओर रोटी बैंक बेतिया

**चाणक्य भूमि बेतिया**



रोटी बैंक बेतिया ट्रस्ट ने समुदाय के निर्धन लोगों के लिए मंगलपुर, नौतन में एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया ।रोटी बैंक बेतिया पहले से ही हर रात ज़रूरतमंद लोगों को गर्म भोजन उपलब्ध कराने की अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है। अब इस धर्मार्थ ट्रस्ट ने अपनी सेवाओं का विस्तार करके उन लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवा सहायता को शामिल किया है, जिनके पास चिकित्सा. सुविधाओं तक पहुँच नहीं है। इसी क्रम में आज ट्रस्ट द्वारा मंगलपुर, नौतन में आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में स्वयंसेवी डॉक्टरों,और चिकित्सा पेशेवरों की एक टीम ने निर्धन व्यक्तियों को अपनी सेवाएँ देने के लिए एक साथ काम किया। सामान्य स्वास्थ्य जाँच से लेकर विशिष्ट स्वास्थ्य चिंताओं पर परामर्श तक, चिकित्सा शिविर का उद्देश्य समाज के सबसे कमज़ोर सदस्यों की स्वास्थ्य सेवा आवश्यकताओं को संबोधित करना था। इस पहल के बारे में बोलते हुए, रोटी बैंक बेतिया ट्रस्ट के संस्थापक सह अध्यक्ष संजू गिरी जी ने बताया कि "हम समझते हैं कि स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच एक बुनियादी मानव अधिकार है, और हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि हमारे समुदाय के निर्धन लोगों को चिकित्सा सेवाओं तक पहुँच मिले, चूंकि रोटी बैंक बेतिया ट्रस्ट अपनी पहुंच और सहायता सेवाओं का विस्तार करना जारी रखता है, इसलिए यह संगठन जरूरतमंद लोगों के लिए आशा और करुणा की किरण बना हुआ है।" मौके पर मंदीप राय, निखिल बरनवाल, कृष्णा अग्रवाल, कुश कश्यप, ओंकार कुमार, मुखिया - राजेश पांडेय, सरपंच - दीपक तिवारी, वार्ड सदस्य - ललेश कु.मुखिया, प्रशुराम राम, संदीप कुमार, नीरज सिंह , चंदन निराला उपस्थित रहें।

## रामनवमी पर बेख़बरा काली मन्दिर पर मेला की पुरजोर तैयारी

**चाण्क्य भूमि**

**बेतिया।** रामनवमी के शुभ अवसर पर नौतनखुर्द पंचायत के बेख़बरा स्थित काली मंदिर परिसर में अकड़ाहा पुल के पास परंपरागत मेला का आयोजन किया जायेगा।यह मेला मझौलिया प्रखण्ड में ऐतिहासिक मेला के नाम से जाना जाता है।बताते चले कि मझौलिया के प्रखण्ड वासियो को रामनवमी के अवसर पर लगनेवाले इस मेला का बेसब्री से इंतजार रहता है।बताते चले कि पूर्व मंत्री स्व.गौरी शंकर पांडेय के कार्यकाल से यहां मेला लगता है।यहां पांडेय परिवार की ओर से एक मंदिर का निर्माण किया गया है,जिसमें मां काली की प्रतिमा स्थापित की गयी है।

## मझौलिया में अगलगी,नकद जले 50 हजार



**चाण्क्य भूमि**

**बेतिया।** मझौलिया के वार्ड नं 6 में मंगलवार को अहले सुबह खाना बनाने के क्रम में अचानक लगी आग में सिंहासन मांझी का फुसनुमा घर जलकर नष्ट हो गया। कपड़ा वर्तन अनाज एवं नकदी पचास हजार रुपया जो सिंघासन मांझी बाहर से मजदूरी कर लाया था।सब जलकर राख हो गया।ग्रामीणों के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया गया।तबतक सब कुछ जलकर खाक हो गया।मुखिया सत्यप्रकाश ने इसकी सूचना अंचलाधिकारी राजीव रंजन कुमार को दी।अंचलाधिकारी ने कहा कि संबंधित कर्मचारी को भेज कर क्षति का आकलन कर पीड़ितों को सहायता राशि दी जायेगी।






























स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित । किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714